दिनांक-8जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाले कचरे का पुनः उपयोग कर बना रहे ईट एवं अन्य उपयोगी सामग्री

भिलाईनगर/ भिलाई नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर जोन कार्यालय के समीप स्थित स्थल पर निर्माण एवं विध्वंस से निकले कचरे का पुनः उपयोग कर ईट आदि बनाने का कार्य किया जा रहा है! नगर निगम भिलाई के आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने निगम के जोन क्षेत्रों से निर्माण एवं विध्वंस (सी एंड डी) से निकलने वाले कचरे को अपशिष्ट प्रबंधन नीति 2017 के तहत हटाने के निर्देश दिए हैं जिस पर विभिन्न क्षेत्रों से इस प्रकार के मलबे को हटाने का कार्य किया जा रहा है जिसके लिए एजेंसी नियुक्त की गई है! बढ़ते हुए शहरीकरण के साथ-साथ भवनों एवं अन्य निर्मित संरचनाओं के कारण निर्माण एवं विध्वंस के अपशिष्ट अत्यधिक मात्रा में उत्पन्न हो रहे हैं , इनकी मात्रा में निरंतर वृद्धि हो रही है जिसका इसी स्तर पर समुचित निपटान किया जाना आवश्यक है! निर्माण एवं विध्वंस से निकले हुए अपशिष्ट को संग्रहण कर निश्चित स्थान पर परिवहन करने के लिए अंकुर मलिक एसोसिएटेड को जिम्मा दिया गया है जो कि जोन के आयुक्त , स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक के निर्देशन में इस प्रकार के अपशिष्ट को उठाने की कार्यवाही करेंगे! निर्माण एवं विध्वंस से निकले हुए कचरे कहां-कहां पर पड़े हुए हैं इसका सर्वे भी कई स्थानों पर किया जा चुका है! जोन क्रमांक दो मे विभिन्न स्थलों पर इस प्रकार के कचरे को सूचीबद्ध किया गया है , जहां से निर्माण एवं विध्वंस के अपशिष्ट को हटाने का कार्य किया जा रहा है , c&d वेस्ट से संबंधित निदान 1100 मे प्राप्त शिकायत का भी निराकरण एजेंसी के द्वारा किया जाएगा! मलबा को वाहन में संग्रहण करने के पश्चात इसे जोन के अधिकारियों द्वारा बताए गए उचित स्थानों पर डाला जा रहा है! वर्तमान में इस प्रकार के कचरे के उपयोग से ईट तैयार की जा रही है!

जल है तो कल है

जल ही जीवन है!

जनसंपर्क अधिकारी